तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

12 गायत्री महायज्ञ की दिव्य आहुतियों से महका शहर जन्मशताब्दी ...



14 संबलपुर पीएमश्री स्कूल में श्रद्धा और उल्लास...





## खबर संक्षेप

### मोटर साइकिल की ठोकर से युवक घायल

**बालोद।** मड़ई देखकर आ रहे व्यक्ति को मोटर साइकिल ने ठोकर मार दी। जिसके बाद परिजन ने मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कोचेरा निवासी बालाराम देशलहरे ने पुलिस को बताया कि अपने रिस्तेदार (साढ़ू) गंगा प्रसाद के साथ ग्राम कोचेरा से पैदल गुरूर मड़ई घुमने आये थे, मड़ई घुम कर वापस घर ग्राम कोचेरा पैदल जा रहे थे, ग्राम बोरतरा से भुलनडबरी के मध्य पुल के पास पहूंचे थे कि पीछे गुरूर तरफ से आ रही मोटर साइकिल सीजी 24 आर 4462 के चालक द्वारा पीछे से खतरनांक ढंग से मोटर साइकिल चलाते हुए मेरे साढ़ू गंगाप्रसाद को ठोंकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे गंगा प्रसाद के बांये हाथ के कोंहनी के नीचे चोंट आया है, जिसे प्राथमिक उपचार हेतु समुदायिक स्वास्थ केन्द्र गुरूर लेकर आये थे जहां पर डॉक्टर द्वारा उच्च ईलाज हेतु रिफर करने पर धमतरी के अस्पताल में भर्ती किया हूं। जहां ईलाज चल रहा है।

### अज्ञात व्यक्ति की पिटाई से युवक घायल, मामला दर्ज

**बालोद।** दो अज्ञात लड़को ने कार्यालय के बाहर बैठकर मोबाईल देख रहे युवक के साथ मारपीट कर दिए। जिसके बाद पीड़ित ने अज्ञात युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर पालिका राजहरा मे चपरासी वार्ड क्रमांक 04 चिखलाकसा निवासी दशरथ सिंह कौशिक ने पुलिस को बताया कि 19 जनवरी को दोपहर 02 बजे लंच होने से सभी कर्मचारी लंच करने आफिस से बाहर गए थे और मैं आफिस मे बने आवक जावक शाखा में बैठा था, उसी समय दो लडके आये जिसमे से एक लडका गेट के पास खडा था और दूसरा लडका जिसकी दाढी बढा हुआ, सिर का बाल नीचे छोटे छोट व उपर गोलाकार आकृति में कटा हुआ तथा आसमानी रंग का टीशर्ट पहना हुआ था मेरे पास आया और मुझे तुम यहां बैठकर मोबाईल देख रहे हो कहकर धमकी देते हुए एक मुक्का मेरे दाहिने आंख के पास मारे तो आंख एवं भौं के पास चोंट व दूसरा मुक्का दाहिने गाल को पुनः मारे तो मुंह के नीचे जबडा से खून निकलने लगा और दो दांत टूट गया था, फिर मैं बचाव–बचाव कर चिल्लाने लगा तो आवाज सुनकर लीला पांडे दौंडकर आई उस समय मारने वाले लडके भाग गए थे।

### आस्था और बीमारी का डर दिखाकर 13.82 लाख की ठगी

**भिलाई।** आस्था और बीमारी का डर दिखाकर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। मां के इलाज और पूजा-पाठ के नाम पर ठगों ने एक दुकानदार से लाखों रुपये नकद और सोने के आभूषण हड़प लिए। इस मामले में छावनी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# अमृत मिशन ठेकेदारों को नपं अध्यक्ष का अल्टीमेटम, 3 दिन में सुधार नहीं तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष, पार्षद व अधिकारी रहे मौजूद

नगर के विकास कार्यों में बाधा डालने और जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले अमृत मिशन के ठेकेदारों के खिलाफ नगर पंचायत प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को मुख्य मार्ग से शीतला मंदिर होते हुए हटरी जाने वाले मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष प्रमोद जैन ने अमृत मिशन के अधिकारियों और ठेकेदार को चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर कार्य में सुधार नहीं हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सड़क निर्माण के दौरान अध्यक्ष प्रमोद जैन ने अमृत मिशन 2.0 के तहत चल रहे पाइप लाइन विस्तार कार्य की स्थिति देख गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने मिशन के ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि नगर में पाइपलाइन बिछाने के नाम पर जगह–जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं, जिससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। अनुबंध की समय सीमा समाप्त होने के बावजूद कार्य की गति अत्यंत धीमी है। विभाग द्वारा अब तक लगभग 10 नोटिस दिए जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। अध्यक्ष ने साफ तौर पर कहा कि अमृत मिशन तत्काल प्रभाव से अपने ▶▶|शेष पेज 12 पर

## विकास कार्यों में लापरवाही पर नगर पंचायत सख्त



### ठेकेदार की लापरवाही

नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया इस संबंध में जिला कलेक्टर बालोद, मिशन डायरेक्टर अमृत मिशन 2.0 और विभागीय उच्च अधिकारियों को लिखित पत्र भेजकर ठेकेदार की लापरवाही से अवगत करा दिया गया है। पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि ठेकेदार का यह कृत्य कार्य के प्रति घोर लापरवाही और जन–विरोधी रवैये को दर्शाता है। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर समस्त पार्षद गण व विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### कार्रवाई : किसान का आरोप अधिकारी ने रास्ता रोककर मांगी रिश्वत

# धान खरीदी में रिश्वतखोरी का आरोप, कृषि विस्तार अधिकारी और रानाखुज्जी समिति प्रभारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरते जाने पर जिले के डौंडी विकासखंड के ग्राम साल्हे के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और डौंडीलोहारा विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र रानाखुज्जी के समिति प्रभारी पर निलंबन की कार्यवाही की गई है।

उक्त संबंध में उप संचालक कृषि द्वारा आदेश जारी करते हुए बताया गया है कि डौंडी विकासखंड के ग्राम साल्हे के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के विरुद्ध केशव राम साहू द्वारा शिकायत की गई थी। जिसमें शिकायतकर्ता केशव राम साहू अपनी निजी भूमि की 125 बोरी धान को ट्रेक्टर में



अवैध धान परिवहन रोकने के नाम पर उगाही
ग्राम सेवक और मंडी कर्मचारी पर डरा धमकाकर हजारों रुपये वसूलने का आरोप
हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा
■ केशव साहू ने तहसीलदार को लिखित शिकायत की


भरकर बालोद मण्डी विक्रय करने ले जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ज्ञानेद्र प्रताप सिंह द्वारा गाड़ी रोक कर 50 हजार रूपये की मांग की गई। उक्त शिकायत पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी बालोद, को वस्तुस्थिति की प्रारंभिक जांच हेतु निर्देशित किया गया। जिसके संबंध में अनुविभागीय कृषि अधिकारी बालोद, के जांच प्रतिवेदन अनुसार संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा 15 हजार रूपये युपीआई के माध्यम से ज्ञानेद्र प्रताप सिंह के खाते में अंतरण पाया गया। इससे शिकायत का आरोप सिद्ध पाया गया जो कि छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लघन है। इस परिपेक्ष्य में छ.ग. सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 (1) के प्रावधान के अनुसार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। इसी प्रकार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रानाखुज्जी के प्राधिकृत अधिकारी ने आदेश जारी कर बताया है कि सहकारिता विभाग, खाद्य विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग जिला-बालोद के संयुक्त जॉच टीम द्वारा धान उपार्जन केन्द्र रानाखुज्जी की जांच कर जंच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें समिति प्रभारी हंसराज प्रजापति द्वारा कार्य के प्रति घोर उपेक्षा आर्थिक अनियमितता एवं छ.ग. शासन के महत्वकांक्षी योजना समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के नियमों का उल्लंघन करना पाया गया है। जिससे समिति एवं शासन को आर्थिक अनियमितता परिलक्षित होता है। उक्त पत्र के माध्यम से छ.ग. सहकारी सोसायटी ▶▶|शेष पेज 12 पर

# दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट, काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खेत में पानी छोड़ने के नाम पर दो पक्षो में गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पहले पक्ष ग्राम सांकरी निवासी डोमेंद्र कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि मैं बाजार चौक सांकरी के पास से जाते हुए राम सजीवन को बोला कि तुम मेरे खेत में गमएँ फसल का पानी मत छोड़ना, फिर भी तुम मेरे खेत में पानी छोड़ दिये हो कहने पर राम सजीवन गाली गलौच कर हाथ मुक्का व डण्डा से मारपीट करने लगा और सजीवन ने फोन करके अपने भाई राजकुमार, भतीजा नुमेश, सुरेश्वर को भी बुलाया और उक्त व्यक्तियों द्वारा भी हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे, तभी मेरे पिता जी रामा सिंह साहू लड़ाई झगड़ा की सूचना पर आये तो उनके साथ भी मारपीट किये है। मारपीट करने से मुझे सिर, बाये पैर, दाहिने कंधा व मेरे पिता जी के दाहिने पैर, बांये कंधा में चोट आकर दर्द हो रहा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

दूसरे पक्ष वार्ड नं0 03 ग्राम सांकरी निवासी राम सजीवन साहू ने पुलिस को बताया कि मैं गांव के पोषण मारकण्डे के खेत को कट्टू में बोआई करता हूं, जिसमें मैं गमएँ फसल में धान बोआई किया हूं। उसी के खेत के नीचे रामा सिंह साहू का खेत लगा है, जिसमें वर्तमान में कोई फसल नहीं लगा है। जिसमें मेरे द्वारा कट्टू खेत के पानी को रामा साहू के खेत में छोडा हूं। उसी बात को लेकर रामा साहू व उसका लडका डोमेन्द्र कुमार साहू ▶▶|शेष पेज 12 पर

# वकील के घर में घुसकर महिला से मारपीट की अधिवक्ता संघ ने की सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज. बालोद/गुण्डरदेही

■ आरोपी महिला ने वकील के परिजनों के खिलाफ की शिकायत



समीपस्थ ग्राम चैनगंज में वकील के घर में घुसकर एक महिला ने वकील की माता के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। मामले में पुलिस कार्यवाही से असंतुष्ट वकीलो ने थाना पहुंचकर टीआई से चर्चा की एवं कड़ी कार्यवाही की मांग की। दुसरी ओर आरोपी महिला ने वकील के परिजन के खिलाफ आवेदन दिया है। मामला 20 जनवरी का है। रात्रि करीबन 8 बजे अधिवक्ता छबिलाल बंजारे के घर में उसके पड़ोसी के घर आई ग्राम कसारीडीह की महिला मीना बाई ने लकड़ी से मारपीट कर दी। वकील के परिजनों के अनुसार उस समय आरोपी महिला शराब के नशे में थी।

अधिवक्ता छबिलाल बंजारे ने बताया कि घटना के समय घर में महिला सदस्य ही थी, हम सभी भाई अपने कार्य से बाहर थे। पीड़ित अधिवक्ता के परिजन रात्रि में ही थाना पहुंच मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई। अधिवक्ता छबिलाल का आरोप है कि आरोपी महिला के खिलाफ उसके कृत्य के अनुसार मामला कायम न कर आरोपी पक्ष को बचाने का प्रयास पुलिस विभाग द्वारा किया जा रहा है। पीड़ित अधिवक्ता ने मामले की जानकारी अधिवक्ता संघ गुण्डरदेही को दी।

अधिवक्ता के घर मे घुसकर मारपीट करने एवं पुलिस विभाग द्वारा आरोपी महिला को बचाते हुए कथित कमजोर कार्यवाही से आक्रोशित अधिवक्ता गुण्डरदेही थाना पहुंच टीआई से चर्चा की।

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विनय बंजारे ने कहा अधिवक्ता का परिवार भी आज की परिस्थिति में सुरक्षित नही बचा है। जब अधिवक्ता के परिवार के साथ ऐसी घटना होती है और पुलिस उचित कार्यवाही नही करती तो आम जनता के साथ पुलिस का व्यवहार कैसा होगा समझा जा सकता है। अध्यक्ष विनय बंजारे ने कहा पीड़ित अधिवक्ता परिवार द्वारा संघ को घटना से अवगत करने पर सभी अधिवक्तागण थाना गुण्डरदेही पहुंचकर आरोपी के विरूद्व विधिवत कार्यवाही किये जाने हेतु चर्चा की गई। उन्होने चेतावनी दी कि उचित कार्यवाही नही की जाती है तो कलम बंद, चक्काजाम जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाने से पीछे नही रहेगे। इस दौरान अधिवक्ता संघ से रियाज खान, लक्ष्मण नायक ▶▶|शेष पेज 12 पर




### बालोद में 70 बुजुर्गों की आंखों की जांच हुई

# नेत्र शिविर में 30 मोतियाबिंद मरीज की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मोतियाबिंद की समस्या से पीड़ित वरिष्ठ नागरिको के चिन्हांकन हेतु नेत्र शिविर का आयोजन उप संचालक समाज कल्याण विभाग परिसर राजस्व कॉलोनी गंगा नगर झलमला में किया गया। संचालक समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ समाज कल्याण परिशद् माना कैम्प रायपुर के आदेशानुसार जिला बालोद में उपसंचालक कल्याण जिला बालोद के माध्यम से किया गया।

जहां आस पास गांव के वयोवृद्ध के साथ आश्रम के मरीज जांच हेतु आए थे। लगभग 70 मरीजो की जांच शिविर में की गई। जिसमे 30 मरीज मोतियाबिन्द के पाए गए जिन्हे 1 फरवरी से एम्स रायपुर मे ले जाकर ऑपरेशन कराया जाएगा। जिले में मोतियाबिन्द की समस्या से पीड़ित 100 वरिष्ठ नागरिक का चिंन्हाकन कर समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ विभाग, स्थानीय निकाय के माध्यम से ऑपरेशन कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

इसका उद्दे"य भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रलय नई दिल्ली द्वारा अटल वयो वृद्व अभ्यूदय योजना के स्टेट एक्शन प्लान फॉर सिनियर सिटिजन अंतर्गत मोतियाबिंद मुक्त भारत के कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है। जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ जेएल उईके के निर्देशानुसार उप संचालक समाज कल्याण अजय गेडाम के माध्यम से सहायत जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई के नेतृत्व मे नेत्र सहायक अधिकारी धर्मेन्द्र देशमुख एवं कु. अर्चना ठाकुर के द्वारा मोतियाबिंद चिन्हांकन का कार्य किया गया।

उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के माध्यम से आगामी शिविर और किया जाएगा। यह जानकारी सहायक जिला नोडल अधिकारी अंधत्व अनिल कुमार सिन्हा ने दी।

## खबर संक्षेप



### कलंगपुर स्कूल में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोर-शोर से

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में छात्र छात्रओं द्वारा आगामी गणतंत्र दिवस के लिए पीटी परेड की अभ्यास करते हुए पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### शाला भेंड्रा में बसंत पंचमी मनाई गई



**गुण्डरदेही।** शुक्रवार 23 जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला भेंड्रा में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक व छात्र छात्रओं की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया।

### सस्वर मानस गान प्रतियोगिता आज से

**अंडा।** समस्त ग्राम वासी गब्दी के तत्वाधान में दो दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता आज 24 जनवरी एवं 25 जनवरी को रखा गया है। नरेंद्र देवांगन ने बताया की इसी तारीख पर डुडिया, भिलाई,खुरसुल, सलौनी में भी मानस गान प्रतियोगिता रखा गया है। साथ ही साथ 27 जनवरी को ग्राम गब्दी का भव्य मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर रात्री कालीन 10:00 बजे छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी चिखली बागबाहरा वालों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### युवक से की मारपीट, दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** दो पक्षों में हो रही मारपीट को छुड़वाने गए युवक की पिटाई दो युवको ने कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने दो युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115, 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम जामगांव आर निवासी राहूल साहू पिता तामेश्वर साहू 24 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 19 जनवरी को अपने दोस्तों ग्राम रनचिरई निवासी विकास साहू पिता कचरू राम साहू 25 वर्ष, प्रेम साहू पिता परदेशी साहू 22 वर्ष, ग्राम जामगांव (आर) निवासी दीपक साहू पिता ईश्वर साहू 24 वर्ष के साथ ग्राम भाठागांव आर थाना रनचिरई मे आयोजित सांस्—तिक कार्यक्रम देखने गया था, रात लगभग 11 बजे के आस पास भाठागांव (आर) बाजार चौक स्कूल के पास से पैदल जा रहे थे, वहीं पर गांव का लल्ला ठाकुर पिता महेन्द्र ठाकुर व उसका साथी एक लडका जिसको मैं नही पहचानता के साथ मारपीट कर रहे थे, जिसे मैं झगडा छुडाने बीच बचाव करने गया तो लल्ला ठाकुर मुझे तु कौन होता है बोलते हुए गालियां देते हुए हाथ मुक्के से मारपीट करने लगा, मैं अपना बचाव करने लगा तो उसका साथी भी मेरे साथ मारपीट किया है, मारपीट से मुझे सिर में सामने तरफ तथा दोनों हाथ के पंजा में चोट आया है, मेरे दोस्त विकास साहू, प्रेम साहू, दीपक साहू जो साथ में थे बीच बचाव कर झगडा छुडवायें है।

## आयोजन : पांच कुंडी यज्ञ एवं संस्कारों से गूंजा वेद मंत्रों का स्वर

# गायत्री महायज्ञ की दिव्य आहुतियों से महका शहर जन्मशताब्दी वर्ष और बसंत पंचमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्ली राजहरा

परमपूज्य माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष एवं बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आज गायत्री शक्तिपीठ, दल्ली राजहरा में आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत पांच कुंडी गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यज्ञशाला में वेद मंत्रों की गूंज, हवन की पवित्र अग्नि और श्रद्धालुओं की सामूहिक आहुतियों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बन गया।

इस विशेष अवसर पर यज्ञ के साथ-साथ विभिन्न वैदिक संस्कारों का भी विधिवत आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत तीन पुंसवन संस्कार, एक मुंडन संस्कार, चार विद्या आरंभ संस्कार श्रद्धा और शास्त्रोक्त विधि से संपन्न कराए गए। संस्कारों का संचालन एवं वैदिक विधि-विधान का मार्गदर्शन मनचस गुरुजनों द्वारा किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से ज्ञान सिंह आर्य, देवनाथ गौर, देव प्रसाद आर्य एवं खगेश आर्य ने अपने आचार्यत्व से उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक संदेश प्रदान किया। उन्होंने यज्ञ एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से व्यक्ति, परिवार और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से सोनसाय लटियारे, धरम पाल नायक, अर्चना देशमुख, विजेंद्र विश्वकर्मा, इंदिरा चंचलानी, उमा सोनी, नंद कुमार पिस्दा, सेवन नायक, नरेश यादव, वीणा साहू, विमला साहू, पितांबर साहू, मंजू साहू, पूर्णिमा नायक, चंपा देवी साहू सहित गायत्री परिवार के सैकड़ों साधक-साधिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। बसंत पंचमी जैसे ज्ञान, साधना और संस्कार के पर्व पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने का भी प्रेरक माध्यम सिद्ध हुआ। अंत में विश्व शांति, सद्बुद्धि एवं मानव कल्याण की कामना के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति की गई।

### सरस्वती शिशु मंदिर गुरूर में बसंत पंचमी का भव्य आयोजन



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर गुरूर में बसंत पंचमी मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। बसंत पंचमी विद्यारंभ संस्कार में पालकगण तथा विद्यारंभ में 12 भैया बहन मां सरस्वती का विधि विधान से पूजा एवं यज्ञ हवन पंडित ओम प्रकाश शर्मा के माध्यम से कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरलीधर साहू ने बसंत पंचमी एवं मां सरस्वती के अवतरण के बारे में भैया बहनों को विस्तार से जानकारी दी गई। इस बीच विद्यालय के आचार्य गिरेंद्र शर्मा, सुदर्शन साहू, अजय साहू, मनीष कुमार, सरोज शांडिल्य, तुकेश्वरी गजेंद्र, भुनेश्वरी सिन्हा, मंजू साहू, कुमारी रेखा रावटे, कुमारी रेवती यादव, कुमारी सुनीता नेताम उपस्थित थे।



## जिले में नीर चेतना अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक

जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चलाए जा रहे नीर चेतना अभियान के अंतर्गत जनसहभागिता से निरन्तर कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रें में जन जागरूकता अभियान, जल संग्रहण हेतु स्ट्रक्चर निर्माण, फसल चक्र परिवर्तन और पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने नीर चेतना अभियान अंतर्गत संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर अब तक हुए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा अभियान अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु बेहतर कार्य करने के लिए दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने जिले के ग्रामीण, नगरीय, स्कूलों तथा अन्य संस्थानों में जल संरक्षण एवं उसके बेहतर उपयोग हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल की समस्या वाले ग्रामों, स्कूल, आंगनबाड़ी, वार्ड आदि की जानकारी ली तथा पेयजल की उपब्धता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में स्थित तालाबों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन तालाबों के पूनर्जीवन हेतु कार्यों की आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता के साथ कार्य शुरू कराएं। बैठक में जल संचय, जन भागीदारी 2.0 के अंतर्गत किए जा रहे कार्य एवं प्रस्तावित कार्यों पर भी चर्चा कर निरंतर ही कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## विश्व हिंदू परिषद बालोद की शहर कार्यकर्ताओं की बैठक, संगठन विस्तार व धर्म रक्षा नीति पर चर्चा हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला संगठन के शहर कार्यकर्ताओं की एक बैठक संस्कार शाला भवन में रखा गया। जिसमें आगामी जिला बैठक, संगठन विस्तार व प्रांत संगठन के निर्देश पर जिला संगठन के सभी कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने हेतु धर्म रक्षा नीति एकत्र करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, सह मंत्री उमेश सेन, बोधन भट्ट, जिला संस्कार शाला प्रमुख पूजा जैन, जिला विधिक संयोजक सेवन साहू, जिला सह संयोजिका विधि विभाग संगीता शर्मा, वर्षा साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बालोद जिला के पांच विकासखंड सहित 2 शहर इकाई में विश्व हिंदू परिषद संगठन के मातृशक्ति व दुर्गावाहिनी, बजरंग दल के कार्यकर्ता हिंदू समाज के बीच पहुंचकर संगठन के लिए धन एकत्र करेंगे। जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने बताया कि बालोद जिला में विहिप के द्वारा सेवा, सुरक्षा, संस्कार के मूलमंत्र के साथ हिंदुत्व की मजबूती के लिए लगातार काम किया जा रहा है। वही समाज के बीच धर्मांतरण, मतांतरण, लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसे चुनौतियों से निपटने के लिए धन की आवश्यकता होती है। वैसे ही संगठन के वार्षिक कार्यक्रमों रामजन्मोत्सव, बलिदान दिवस, गोपाष्टमी, दुर्गाष्टमी, मकर संक्रांति, कृष्ण जन्माष्टमी, गीता जयंती जैसे बड़े आयोजन भी किए जाते हैं। विश्व हिंदू परिषद से जुड़कर समाज के क्षेत्र में कार्य करने वाले हिंदू समाज के लोग जहां सेवा कार्य के तहत वृद्धाश्रम में जाकर सत्संग आयोजन के साथ फल वितरण करते हैं। वही समय समय पर धार्मिक आयोजन के साथ गरीब बेसहारा महिला बहनों को वस्त्र साड़ी का वितरण भी किया जाता हैं। संस्कार शाला में योजना बैठक में भगवती सिन्हा, किशन लाल साहू, मनोज कुमार साहू सहित अन्य संगठन के लोग उपस्थित थे।

### पांडेपारा में श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस श्रद्धा और भावनाओं का संगम



**बालोद।** पांडेपारा में आयोजित श्री मद भागवत का तृतीय दिवस कथा दोपहर 01 बजे से आरम्भ हुआ जिसमें कथा वाचिका देवी गीतांजलि शर्मा गौरैय्या मंदिर चौरेल के श्री मुख से मीरा चरित्र, कपिल देवहुति चरित्र, माता सती चरित्र के बारे में भाव पूर्ण कथा श्रवण कराया गया। मीरा चरित्र की कथा को सुनकर सभी श्रद्धांलु गण भाव विभोर हो गए और करुण रस से सभी की आंखे छलक आई, शिव पार्वती के विवाह कथा के दौरान श्रद्वालुओं ने झांकी निकाली। कथा वाचिका देवी गीतांजलि शर्मा ने धुरव चरित्र, जड़ भरत कथा, अजमिल व्याख्यान, प्रहलाद चरित्र औऱ नरसिंह अवतार को विस्तार पूर्वक श्रवण कराया गया। जिसमे समस्त पांडे पारा बालोद वासी कथा के रस मे झूम उठे औऱ संध्या कालीन आरती के साथ कथा विराम कराया गया।

## ग्राम सोरर में कलार समाज ने भव्य सरहगढ़ महोत्सव का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- मुख्य अतिथि : संगीता सिन्हा और भैयाराम सिन्हा रहे

ग्राम सोरर मे कलार सिन्हा समाज जिला बालोद द्वारा आयोजित भव्य कलार मेला सरहगढ़ महोत्सव का आयोजन किया गया। सरहगढ़ महोत्सव में संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा एवं पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए।

बालोद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोरर में ऐतिहासिक माता बहादूर कलारिन की माची स्थित है, यहां कलार समाज द्वारा माँ बहादुर कलारीन भगवान शहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर कलार समाज एवं क्षेत्रवासियो के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होने कहा की कलार समाज मध्य भारत मे निवास करने वाला एक प्राचीन समुदाय है, जो अपनी मेहनत और गौरवशाली इतिहास लिए जाना जाता है, कलार समाज शिक्षा, राजनीति, व्यापार और कृषि जैसे अन्य क्षेत्रें मे प्रगति करने का संकल्प लिया है, आज कलार समाज एक प्रगतिशील समाज के रूप मे सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है। मंच के माध्यम से प्रतिभावान छात्र छत्रओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष कलार समाज चमन लाल सिन्हा, संरक्षक कलार समाज दीपक कुमार सिन्हा, अध्यक्ष कलार समाज युवराज सिन्हा, महामंत्री रिखिराम सिन्हा, संरक्षक कलार समाज बालोद ओमप्रकाश गजेंद्र, किशन गजेंद्र, राजेश सिन्हा, जशवंत सिन्हा, सरपंच सोरर लेखराज पूरी गोस्वामी सहित बालोद जिला कलार समाज के समस्त पदाधिकारी एवं समाजिकजन उपस्थित थे।

## सकरौद में साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन, जसवंत सिन्हा रहे मुख्य अतिथि



**गुण्डरदेही।** ग्राम सकरौद में ग्रामीण साहू समाज द्वारा आयोजित साहू सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के भूमिपूजन में छाया विधायक जसवंत सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। जहां उन्होने ग्रामीण पदाधिकारियो के साथ भक्त माता कर्मा की पुजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।

जसवंत सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण साहू समाज के भवन नही हाने के कारण सामाजिक कार्यक्रम व बैठक आयोजन करने में बहुत परेशानी होती है। अब भवन बनने से सामाजिक काम मे गति मिलेगी। जसवंत सिन्हा ने जनहित और सामाजिक विकास कार्य को प्राथमिकता देते हुए उन्होने मंच मे ही ग्रामीण साहू समाज के भवन निर्माण के लिए एक लाख 51 हजार रुपए की सहयोग राशि देने कि घोषणा की। जहां ग्रामीण साहू समाज ने श्री सिन्हा का आभार जताया। ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष बिरेन्द्र साहू ने बताया की गांव मे सामाजिक भवन बन रहा है वह ग्रामीण साहू समाज के सहयोग से ही बन रहा है। इस अवसर पर सरपंच जसवंत कोसरे, उपसरपंच हेमंत साहू, सचिव दीनदयाल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, अनसुईया साहू, जीवराखन साहू, ठाकुर साहू, संतोष साहू, भूषण साहू सहित समाज के सैकड़ो ग्रामीण व महिलाए उपस्थित थे।

## गुहा जयंती व मूर्ति स्थापना कार्यक्रम संपन्न, विधायक निषाद रहे शामिल





**अंडा।** ग्राम विनायकपुर एवं देवरी (ख) में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा जयंती एवं भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, भक्त गुहा निषाद एवं श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गुंडरदेही विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय कुंवर सिंह निषाद अपनी धर्मपत्नी दंतेश्वरी निषाद के साथ शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर विधायक कुंवर सिंह निषाद ने निषाद समाज द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि निषाद समाज भगवान श्रीराम के पदचिह्नों पर चलने वाला सरल, सहज और मेहनतकश समाज है। भक्त गुहा निषाद राज समाज के गौरव और आदर्श हैं, जिन्होंने भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान उनकी सहायता की थी। इसलिए निषाद समाज पर भगवान श्रीराम का विशेष आशीर्वाद है। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने समाज की एकता, परंपरा और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। उन्होंने कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य तभी संभव है, जब हर परिवार शिक्षा को प्राथमिकता दे। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना आवश्यक है।

उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा स्तर पर समाज के विकास, शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर अवसर मिल सकें और समाज आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष निषाद समाज बालोद राजेंद्र निषाद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सोना देवी देशलहरे, उपाध्यक्ष संतोष निषाद, सरपंच लक्ष्मी ठाकुर, योगेंद्र दिल्लीवार, कुसुम प्रमोद देशमुख सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विधायक कुंवर सिंह निषाद ने निषाद समाज के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को मिला योजना का लाभ

# पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत क्रेडिट कार्ड एवं ऋण वितरण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्ली राजहरा

- छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया गया जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केरल के तिरुवंतपुरम में 23 जनवरीको आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि योजना) अंतर्गत क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ ऑनलाइन किया गया। इसी क्रम में दल्ली नगर पालिका क्षेत्र में भी योजना के अंतर्गत ऋण वितरण एवं क्रेडिट कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर के आदेशानुसार एवं सिटी मिशन मैनेजर केतन नायक के मार्गदर्शन में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज दुबे द्वारा हितग्राही जगमोहन साहू एवं रितु नेताम को क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए, वहीं भारती कौशिक, डीलेश्वरी एवं ममता तारम को ऋण राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों एवं रेहड़ी-पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। योजना के माध्यम से छोटे व्यवसायियों को आर्थिक संबल मिल रहा है। उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले अधिक से अधिक लोग इस योजना से जुड़ें और इसका लाभ उठाएं। दल्ली नगर पालिका द्वारा हितग्राहियों को निरंतर सहयोग प्रदान कर लाभान्वित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पात्र पीएम स्ट्रीट वेंडर्स से क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन भी भरवाए गए तथा विचाराधीन ऋण प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु बैंकों से समन्वय स्थापित किया गया, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ भारतीय स्टेट बैंक के फील्ड ऑफिसर अनमोल श्रीवास्तव, राकेश घोड़ेश्वर, सामुदायिक संगठन की ओर से उमेश्वरी नेताम, लक्ष्मी सिन्हा, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स उपस्थित रहे और कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

## पेज 11 के शेष

### अमृत मिशन ठेकेदारों को नपं ...

नल कनेक्शन का कार्य पूरा करे। यदि सीसी रोड बनने के बाद पाइपलाइन के लिए सड़क को तोड़ा गया, तो इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अल्टीमेटम देते हुए कहा, अगले 3 दिनों के भीतर कार्य धरातल पर दिखना चाहिए, अन्यथा आपके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### धान खरीदी में रिश्वत ...

अधिनियम 1960 एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के सेवायुक्तों के लिये जारी सेवानियम 2018 के नियम क्रमांक 16 के तहत कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित है। हंसराज प्रजापति समिति प्रभारी आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मर्या. रानाखुज्जी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### दो पक्षों में गाली ...

मेरे खेत में पानी क्यों छोडे हो कहकर दोनों मेरे होटल में आकर गाली गलौच किए, डोमेन्द्र साहू हाथ मुक्का से व रामा साहू अपने हाथ में रखे डंडा से मारपीट किया है। मारपीट करने से मेरे दाहिने हाथ की कोहनी, होठ, बांया आंख, दाहिने पैर चोंट लगा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### वकील के घर में घुसकर ...

देवेन्द्र चन्द्राकर, डिलेश्वर कुंभकार, दिलीप तिवारी, सुरेखा सोनी, कुलेश्वर साहू, राजेन्द्र बेलचंदन, गुमान साहू, महेन्द्र कुमार यादव, भेष कुमार, गौरी मार्कण्डेय, सलमा बेगम, समृद्धि टंडन, सौरभ साहू, रोहित टण्डन, बाबूलाल सिन्हा, इमरान खान, निश्चल तारम, हितेश साहू, धर्मेन्द्र साहू, नेमेश्वर प्रसाद सिन्हा, चन्द्रभान निषाद सहित अधिवक्तागणां ने थाना पहुंचकर अपना विरोध जताया। टीआई नवीन कुमार बोरकर ने कहा मामले में विवेचना मे जो तथ्य आएंगे उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी। एक पक्ष की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। दूसरा पक्ष अस्पताल में भर्ती होने से बयान दर्ज होने के बाद विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### ग्राम खुरसुल में मंडई 28 जनवरी को

अर्जुन्दा। ग्राम खुरसुल में 28 जनवरी मंडई का आयोजन किया गया हैं। इस उपलक्ष्य में माटी के सिंदूर का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें ग्राम के आयोजक समिति और ग्रामवासी से विशेष सहयोग से किया जा रहा है।

### कुसुमटोला में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 26 को

डोंडी। ग्राम कुसुमटोला में गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर डांसिंग सुपर स्टार ग्रुप के तत्वधान में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें सामुहिक नृत्य में प्रथम ईनाम 6000रुपए, द्वितीय 4000रुपए, युगल नृत्य में प्रथम ईनाम 3000रूपये, द्वितीय 2000रूपये, एवं एकल नृत्य में प्रथम ईनाम 2000रूपये द्वितीय 1500रूपये रखा गया हैं। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष भुवन साहू, ने दिया।

### जिले में गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

बालोद। कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा ने आदेश जारी कर जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार 26 जनवरी को जिला बालोद में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं प्रीमियम विदेशी मदिरा तथा समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता पूर्णतः बंद रहेगा। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### प्राकृतिक आपदा प्रभावित परिवारों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

बालोद। अपर कलेक्टर ने जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण गुरूर तहसील के 03 मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 04–04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करे। जारी आदेश में मृतक साहिल यादव के पिता कन्हैयालाल यादव ग्राम बोरिदकला, डिंकी बम्बोड़ा की माता योगेश्वरी ग्राम आनंदपुर एवं तरूण विश्वकर्मा की माता सोनकुंवर ग्राम टेंगनाबरपारा को 04–04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### बहन से भाई ने की गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी दी, मामला दर्ज

बालोद। माता पिता के साथ रह रही बेटी को भाई ने गाली गलौज कर दिया। जिसके बाद बहन ने अपने भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भाठागांव (आर) थाना रनचिरई निवासी अनुसुईया ठाकुर पति स्व. कुंजलाल ठाकुर 51 वर्ष ने पुलिस को बताया कि अपने पापा थुकेल राम देवांगन और मां केवरा बाई देवांगन के साथ रहती हूं। मेरा बडा भाई ओंकार देवांगन 55 वर्ष अपने बच्चों के साथ ग्राम भाठागांव (आर) में अलग घर में रहता है, मेरे मां पापा बुजुर्ग हो गये हैं, उनकी देख रेख के लिये लगभग 06 माह से उनके साथ रहती हूं, पापा के जमीन का बटवारा नहीं हुआ है, मेरा बडा भाई ओंकार देवांगन लगभग 06 माह से लगातार मुझे देखकर सेवा करने आयी है, घर तुडवाने आयी है कहकर गाली गलौज घर के सामने ही आकर देता है, 20 जनवरी के सुबह करीबन 07 बजे मेरा बडा भाई ओंकार देवांगन घर के सामने जोर जोर से मुझे देखकर गाली गलौज किया और उसे मना करने पर जान से मार देने की धमकी दिया है और मेरी मां पापा को भी गालियां और जान से मारने की धमकी दिया है।

**समक्ष : न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बालोद जिला बालोद छ.ग.**
**सक्सेशन सर्टिफिकेट मिलने के लिए की गयी दरखास्त का समंस (अंतर्गत धारा 373) (1) इंडियन सक्सेशन एक्ट 1925**

सक्सेशन प्र.क्र.- 01/2026, प्रो.क्र.-58/26
नियत पेशी दिनांक - 12.03.2026

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बालोद जिला बालोद छ.ग.**

सूर्यकांत कौशल .... आवेदकगण

**विरूद्ध**

आम जनता (जिनसे संबंध हो ) .... अनावेदकगण

**बनाम**- आम जनता, जिनका संबंध इस प्रकरण से हो।
मृतका का अंतिम निवास स्थानः- आमापारा बालोद थाना / तह. व जिला बालोद छ.ग.

उक्त आवेदक- सूर्यकांत पिता स्व. गांधीराम कौशल, उम्र 39 साल निवासी वार्ड क्र. 13 अम्बेडकर वार्ड, आमापारा बालोद, थाना/ तह. व जिला बालोद छ.ग. ने आपके खिलाफ या जिससे संबंधित हो मृतका स्व. कुमारी बाई निवासी आमापारा बालोद थाना/ तह. व जिला बालोद छ.ग. की मृत्यु होने पर मृत्यु उपरांत मृतका स्व. कुमारी बाई के द्वारा निवेशित मय ब्याज राशि प्रावधानानुसार प्रदान करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि, यदि आपको मृतक की सम्पत्ति/ उत्तराधिकार के संबंध में कोई हक या दावा या किसी प्रकार से अधिकार प्राप्त हो तो आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस अदालत में सुनवाई दिनांक **12.03.2026** को दिन 10:30 बजे उपस्थित होकर अपना बचाव एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित न्यायालय में प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त नियत दिनांक को समय पर उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी यदि उक्त नियत दिनांक को कोई अवकाश घोषित हो जाए अथवा मैं स्वयं अवकाश पर रहूं तो आवेदन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी। अतः आज दिनांक **16.01.2026** को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **(संजय कुमार सोनी)**

मुहर


**व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी बालोद जिला बालोद (छ.ग.)**

प्रवचन

# एकाग्र मन से कथा श्रवण ही भगवत दर्शन का मार्गः पंडित हरीश चतुर्वेदी

## सती मोह और शिव चरित्र का हुआ वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जीव को भीतर का शिव कथा सुनने प्रेरित करता है। कथा सुनने जाने वाले धन्य हो जाते है। उनका उत्थान हो जाता है, लेकिन जब कथा स्थल मे बैठकर मन कथा में न रहे, मन भटकता रहे, तो जीव का पतन होने लगता है। कथा पूरे मन से सावधान होकर सुनना चाहिए। जब मन से कथा सुनी जाती है तो भगवत दर्शन की इच्छा जागृत होती है और भगवान के दर्शन हो जाते है।

उक्त बाते नगर के श्रीरामदेव बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री राम कथा महोत्सव में कथा वाचक पंडित हरीश चतुर्वेदी ने कही। व्यास पीठ ने कहा कथा सुनने आते है तो देवता भी प्रणाम करते है। कथा सुनने वाला ही भगवान को पहचान सकेगा, अन्यथा मन में भ्रम व संदेह की स्थिति बनी रहेगी। पंडित हरीश चतुर्वेदी ने उक्त बाते भगवान शिव व सती द्वारा गोस्वामी तुलसीदास से राम कथा सुनने के प्रसंग के दौरान एवं भगवान राम के वन गमन व सीता वियोग के दौरान माता सती द्वारा भगवान राम की परीक्षा लेने के प्रसंग के दौरान कही। पंडित हरीश चतुर्वेदी ने कहा परीक्षा अपने से छोटो की ली जाती है। अपने से बड़ो की परीक्षा नही ली जाती। उन्होने कहा जीवन में तनाव मुक्त रहना है तो इस मंत्र जो हो रहा है श्रीहरि इच्छा से हो रहा है। को जीवन में उतार लो।

पंडित हरीश चतुर्वेदी ने कहा पति को छोड़कर स्त्री को अकेले भ्रमण नही करना चाहिए। पति की इच्छा से पति की अनुमति से ही पत्नी कार्य करे। अन्यथ पतन का मार्ग खुल जाता है। उन्होने कहा कभी झूठ नही बोलना चाहिए। सत्य बोलना चाहिए। सत्य बोलो, पर मीठा बोलो। उन्होने कहा वाणी औषधी भी है, वाणी घाव भी देती है। वाणी को औषधी देने वाली ही रखना चाहिए। उन्होने शिव कथा सुनाते हुए कहा भगवान शिव भी सोते जागते राम राम का जाप करते थे। जीव को भी सोते जागते राम राम का जाप करना चाहिए, जिससे जीव का कल्याण हो जाएगा। उन्होने प्रजापति दक्ष के अनुष्ठान की कथा सुनाते हुए कहा कभी भी बिना आमंत्रण निमंत्रण के कही नही जाना चाहिए। उन्होने कथा के दौरान 51 शक्तिपीठ स्थापना की कथा सुनाई। नगर में रामदेव महिला मंडल एवं महिला समिति गंजपारा बालोद द्वारा श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन 22 जनवरी से प्रारंभ हुआ हैं जो 28 जनवरी तक चलेगा। व्यास पीठ मे पंडित हरिश चतुर्वेदी रहेंगे। महोत्सव में मुख्य जजमान विमल टुवानी एवं सुनीता टुवानी है। प्रथम दिवस 22 जनवरी प्रातः 9 बजे कलश यात्र निकाली गई तथा श्री राम कथा महिमा सुनाया गया। 24 जनवरी श्री राम जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 25 जनवरी रविवार श्री सीताराम विवाह उत्सव होगा। 26 जनवरी सोमवार श्रीराम वन गमन प्रेम मूर्ति, भरत चरित्र कथा होगा। 27 जनवरी मंगलवार नवधा भक्ति, लंका दहन कथा होगा। 28 जनवरी बुधवार रावण उद्धार, श्रीराम राज्याभिषेक, पोथी पूजन, हवन आदि कार्य संपन्न होगा। आयोजन समिति अध्यक्ष ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जावेगी।

# ग्राम नेवारीखुर्द में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जन चौपाल आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी ने ग्राम पडकीभाट पंचायत के आश्रित गांव नेवारीखुर्द में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जन चौपाल लगाकर मजदूरों से संवाद किया।

विधायक संगीता सिन्हा ने इस दौरान ग्रामीणों से विस्तृत बातचीत कर मनरेगा पर हो रहे लगातार हमलों और मज़दूरों के अधिकारों के साथ हो रहे अन्याय को उजागर किया तथा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की सच्चाई जनता के सामने रखी। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा मनरेगा कोई योजना नहीं, गरीबों का अधिकार है। इस अधिकार पर किसी भी प्रकार का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस हर गांव, हर मज़दूर के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उनके हक़ की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पूरी ताक़त से लड़ेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम में ब्लाक अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, जनपद सदस्य निर्मला बंजारे, जमील बख्शा, वैभव साहू, हेमंत यादव, रामचन्द, गौतम मार्कण्डे, अजय कुमार राणा, उपसरपंच विष्णु बक्सी उपस्थित थे।

# संबलपुर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की तीसरी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



■ अतिथियों ने संस्कृति व संस्कार पर दिया संदेश

समीपस्थ ग्राम संबलपुर में शिवकृपा मानस परिवार के तत्वावधान में राम लला प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या मंदिर का तीसरा वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भजन कीर्तन के अलावा 10 वर्ष से 20 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए मानस संबंधित रोचक प्रश्नोत्तरी का समावेश रहा, सही जवाब देने वाले उत्साही बच्चों को पुरस्कृत किया गया। राम लला की महाआरती हुई। आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम चुम्मीन साहू, द्वितीय भूमिका निषाद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथि के. एस. सिन्हा, के. पी. तिवारी, एन. आर. गंगबोईर, जेठूराम पटेल, दशरथ सिन्हा, प्रकाश जैन, गोलू पटेल, आदि थे। मानस परिवार के व्याख्याकार विरेन्द्र अजनबी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा दिवस को दूसरी दिवाली की भांति मानकर उत्सव में भावी पीढ़ी को भी धर्म से मानस से जोड़ने का प्रयास होना चाहिए। संस्कृति, आध्यात्म, मानस की ज्ञान खेल खेल में बच्चों के अंदर आ जाए जिसका हम निरंतर प्रयास ऐसे आयोजन के माध्यम से करते हैं।

इस आयोजन में मण्डली संचालक विरेन्द्र अजनबी, नंदकुमार निषाद, अघनू राम पटेल, रघुनंदन भुआर्य, एवन यादव, डिग्गू गंधर्व, कैलाश पटेल, घनश्याम सिन्हा, अंबर, उमंग,विजय साहू, देव सहारे, अनुज रात्रे, शीतल निषाद, इंद्रपाल पटेल, अभय साहु आदि का सहयोग रहा। उत्सव की समाप्ति पर केला खीर पूड़ी प्रसादी वितरण किया गया। सबने शुभकामनाएं प्रदान की।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 जनवरी से

बालोद। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर सेजबहार में 29 जनवरी से 31 जनवरी तक राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बालोद जिले के अभ्यर्थियों के लिए रोजगार मेला का आयोजन 30 जनवरी सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित है। जिसमें 45 से अधिक कंपनियां 15 हजार से अधिक पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएँगी। आवेदन किए गए अभ्यर्थियों की सूची ई रोजगार पोर्टल ईरोजगार डॉट सीजी डॉट इन पर प्रदर्शित की गई है। जिन अभ्यर्थियों का नाम पोर्टल पर है वे अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताओं के प्रमाण पत्र, अंकसूची के मूल प्रति एवं दो सेट फोटोकॉपी, आधार कार्ड, रोजगार पहचान पत्र की मूल प्रतियों के साथ दो–दो फोटोकॉपी एवं दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्रॉफ के साथ रोजगार मेला में शामिल होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद ने किया मानवीय कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ वृद्धा भटकती हुई मिली, खाद्य और वस्त्र सहायता प्रदान की गई


जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के एक मानवीय कार्य ने समाज में करुणा और दया की भावना को जीवंत कर दिया। एक वृद्ध महिला अकेली और असहाय अवस्था में भटकती हुई दिखाई दीं। वृद्धा की स्थिति देखकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद ने महिला से बातचीत की और उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाया। ज्ञात हुआ कि वे अपने घर का रास्ता भूल गई थीं और कई घंटों से भूखी–प्यासी थीं, व अपना नाम बिसौहिंन बाई ग्राम पीपरछेड़ी की बताई, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराया तथा गर्म कपड़े पहनाए और वृद्ध महिला को उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के द्वारा किया गया। यह कार्य समाज में यह संदेश देता है कि न्यायिक सेवा केवल न्याय देने तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता की सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभाती है। इस घटना से यह भी स्पष्ट होता है कि न्यायपालिका के अधिकारी केवल न्याय के रक्षक नहीं, बल्कि समाज के नैतिक पथप्रदर्शक भी हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद ने इस अवसर पर नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उनके आस–पास कोई व्यक्ति भटकता हुआ, असहाय या मदद का जरूरतमंद दिखे, तो तुरंत पुलिस या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा स्थानीय प्रशासन को सूचित करें, ताकि ऐसे व्यक्तियों को समय पर सहायता प्रदान की जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह मानवीय प्रयास समाज में प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा और सभी को यह संदेश देगा कि छोटी–सी संवेदना भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।

# पेंवरो में दो दिवसीय मानस सम्मेलन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



स्वामी विवेकानंद नवयुवा संगठन एवं ग्रामवासी पेंवरो के तत्वाधान मे 24 एवं 25 जनवरी को दो दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारंभ के मुख्य अतिथि प्राचार्य धनेली टीके साहू होगे। अध्यक्षता सरपंच राजाराम किशोर करेगे। ग्राम पटेल भूपेश गंजीर, रिटायर प्राचार्य पीआर किशोर, हीरालाल ज्योति, सालिक राम साहू, खिलेश्वर केहरी के आतिथ्य मे होगा।

24 जनवरी को माधुर्य मानस मंडली पोटियाडीह, श्री राम दरबार मानस मंडली चितमखार, करुणा सागर महिला मानस मंडली दुर्ग, श्रद्धा सुमन बालिका मानस मंडली पचपेडी, जंगलिहा मानस मंडली परिवार केवटिन टोला एवं जय कपीस मानस मंडली आमाकोनी की प्रस्तुति होगी। 25 जनवरी ज्ञान ज्योति मानस मंडली पेंवरो, त्रिमूर्ति मानस मंडली बहोर,जय गुरुदेव अराधना हरिकीर्तन मानस मंडली छिंदौली, हरिओम महिला मानस मंडली बोरेन्दा, दाई के दुलार मानस मंडली कन्हारपुरी, तुलसी के पूजा बालिका मानस मंडली बडेना, शिवम मानस मंडली करमदा की प्रस्तुति होगी। समापन समारोह 25 जनवरी के मुख्य अतिथि कांकेर सांसद भोजराज नाग होगे। अध्यक्षता जनसेवक राकेश यादव बालोद करेगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, ईशाप्रकाश साहू, नंदकिशोर शर्मा, प्रदीप साहू, चन्द्रप्रकाश गांधी, कृष्ण कुमार ठाकुर, प्रेमसाय कलिहारी, ताम्रध्वज यादव, नौशाद कुरैशी, ललिता पीमन साहू, जनपद सदस्य मीना साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष घोघोपुरी मनोहर किशोर के आतिथ्य मे सम्पन्न होगा।

# नव नियुक्त जिला युवा मोर्चा व महिला मोर्चा अध्यक्षों का नगर आगमन पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के आह्वान पर एवं जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के निर्देशन में नव नियुक्त युवा मोर्चा बालोद जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ. मोना टुवानी सहित जिले के समस्त मोर्चा अध्यक्षों का प्रथम बार भाजपा मंडल डौंडी लोहारा में प्रवास हुआ। उनके नगर आगमन पर भाजपा मंडल डौंडी लोहारा एवं विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा बटेरा चौक में पटाखे फोड़कर, आतिशबाजी कर एवं नारों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

स्वागत कार्यक्रम के अंतर्गत युवा मोर्चा के नेतृत्व में बटेरा चौक से भव्य बाइक रैली निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां सभी अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात रैली नगर भ्रमण करते हुए पुराना जनपद पंचायत के पास स्थित भवन पहुंची, जहां सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला एवं बुके भेंट कर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं का परिचय भी प्राप्त किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. मोना टुवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रियता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों को धरातल पर उतारते हुए भारतीय जनता पार्टी को और अधिक सशक्त बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है, ताकि आने वाले तीनों विधानसभा चुनावों में बालोद जिले में भाजपा का परचम लहराया जा सके।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी युवा मोर्चा सदस्य पंकज चौधरी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अनूप देशमुख, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष डेहरे जी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष लता गुप्ता, हेमलाल देशलहरा, महामंत्री सुमेंद्र देशमुख, कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, सूरजभान साहू, ढालसिंह, बुवन यादव, धीरेंद्र टांक, मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, पूर्णिमा प्रजापति, भाजपा नेत्री श्रीमती माया ठाकुर, आरती संचेती, युवा मोर्चा अध्यक्ष डोमेंद्र देशमुख, वीरेंद्र गायकवाड, संदीप भंसाली, धीरज जैन, पोषण साहू, प्यारेलाल निषाद, शिव मासिया, हिम्मत देशमुख, मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू, हरेश्वर सिंह, जीवरखन कोमौर्य, अभिषेक जैन, चंद्र कुमार, अजय बाफना, अजीत सोनी, कुबेर सोनी सहित समस्त मोर्चा, जेष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रभारी एकलव्य महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जसराज शर्मा रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं संगठन के प्रति जोश देखने को मिला।

# ग्राम मोहंदीपाट में देवांगन समाज ने मां परमेश्वरी जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम मोहंदीपाट में देवांगन समाज द्वारा आराध्य देवी मां परमेश्वरी की जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। भव्य कलश शोभायात्र निकाल कर ग्राम भ्रमण किया गया।

मां परमेश्वरी जयंती इस जयंती को लेकर देवांगन समाज के लोगों में अपूर्व उत्साह देखा गया। देवांगन समाज के सभी आयु वर्ग के लोग सुबह से ही सज धज कर तैयार हो गए थे। इस अवसर पर मां परमेश्वरी मंदिर प्रांगण से के देवांगन समाज की बालिकाओं, युवतियों और महिलाओं ने 108 भव्य कलश शोभायात्र निकाली। इस दौरान समाज की महिलाएं, युवतियां व बालिकाएं सिर पर कलश धारण किए हुई थीं। यह कलश शोभायात्र न्याय सिद्ध पीठ बाबा मोहंदीपाठ से होते हुए पूरे ग्राम में भ्रमण आयोजन कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान पूरा मार्ग परमेश्वरी माई के जयकारे से गूंजता रहा, वही सामुहिक आरती पूजा कर सभी की मंगल कामना की, कार्यक्रम में देवांगन समाज के समाज प्रमुखों, महिला पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने आय ेजन में हिस्सा लिया। सामुदायिक भवन में मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर देवांगन सामुदायिक भवन का भूमि पूजन कर प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर सामाजिक एकजुटता और भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्रें को सम्मानित किया गया। जिसमें समाज के अध्यक्ष सेतलाल देवांगन, भाव सिंह, लखन लाल देवांगन, सुशीला देवांगन, धनुक लाल देवांगन वही सभी का आभार हेमंत देवांगन, सचिव शिवेंद्र कुमार देवांगन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नवागांव स्कूल में सेवा निवृत शिक्षक गंधर्व ने न्योता भोज कराया

**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव में सेवा निवृत शिक्षक एनएस. गंधर्व ने अपने 85वे जन्म दिवस पर न्योता भोज कराया। इस अवसर पर शाला प्रधानपाठक कुशल राम नेताम, सहायक शिक्षक मुकेश कुमार बैंस, लवकुमार एवं परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### ग्राम जोरातराई में सस्वर मानसगान स्पर्धा 24 से

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम जोरातराई आर में 24 एवं 25 जनवरी को दो दिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है साथ ही 27 जनवरी मंगलवार को ग्राम में भव्य मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है जिसके उपलक्ष्य में रात्रिकालीन कार्यक्रम कविता वासनिक कृत अनुराग धारा की प्रस्तुति रखी गई है। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक समिति के सचिव हरिचंद अंगारे ने बताया कि इस मानस गान प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ अंचल से ख्याति प्राप्त मानस मंडलीयों का आगमन होगी। जहां प्रत्येक मानस मंडलीयों को विदाई सम्मान के रूप में 2026 रुपए नगद राशि संहित आकर्षक सदाबहार पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन आज शनिवार को सुबह 9 बजे से आमंत्रित अतिथियों के सानिध्य में सम्पन्न होगी।

### ग्राम बम्हनी में मेला मडई 4 फरवरी को

**बालोद/निकुम।** ग्राम बम्हनी में 4 फरवरी बुधवार को मेला मंडई का आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रि में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ लोक सांस्कृतिक रंग बसंत सुरगी की प्रस्तुति रात्रि 9 बजे होगी। यह जानकारी ग्राम प्रमुख रामसाय देवांगन ने दिया।

### ग्राम गंजईडीह में एक दिवसीय रामायण सम्मेलन 25 को

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम गंजईडीह में आगामी 25 जनवरी दिन रविवार को एक दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन धार्मिक आयोजन का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग एवं सहभागिता से किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन के अंतर्गत भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा एवं जीवन मूल्यों पर आधारित रामायण पाठ, भजन-कीर्तन एवं मानस गायन प्रस्तुत किया जाएगा। रामायण सम्मेलन का उद्देश्य समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना तथा आपसी भाईचारे एवं सद्भावना को मजबूत करना है। आयोजक समिति द्वारा क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों एवं आसपास के गांवों के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। आयोजन को लेकर ग्राम गंजईडीह में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## आयोजन

### शिक्षा संस्कार और अनुशासन पर दिया जोर

# संबलपुर पीएमश्री स्कूल में श्रद्धा और उल्लास से बसंत पंचमी पर की माता सरस्वती पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में ज्ञान, विद्या एवं संस्कृति के पावन पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर पूजा-अर्चना का कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। माँ सरस्वती की विधिवत पूजा पंडित आकाश दुबे महाराज जी द्वारा संपन्न कराई गई।

इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष गंगा राम निषाद, जनपद सदस्य श्रीमती टिकेश्वरी साहू, उपसरपंच तामेश साहू, पंच वीरेंद्र निरोटी, शिक्षाविद तोमन लाल लाटिया, देव लाल पटेल विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार एवं ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के पश्चात शिक्षक अनिल दिल्लीवार द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





### संजारी में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई

**डौंडीलोहारा।** बसंत पंचमी के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में मां सरस्वती की पूजा की गयी। इस अवसर पर प्राचार्य गुलाब चंद नायक ने कहा कि ऋतुराज बसंत के आगमन पर यह पर्व मनाया जाता है । यह पर्व सर्दियों की समाप्ति और बसंत ऋतु (ऋतुराज) के आगमन का प्रतीक है । इस समय प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है, खेतों में सरसों के पीले फूल लहलहाने लगते हैं और आम के पेड़ों पर बौर आने लगते हैं। इस पर्व में पीले रंग का विशेष महत्व है। बसंत पंचमी पर पीला रंग शुभता, शुद्धता और नई ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। लोग पीले वस्त्र पहनते हैं और मां सरस्वती को पीले फूल अर्पित करते हैं। बसंत पंचमी का हर साल माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने किया। इस अवसर पर अर्पणा वर्मा, किरण शिवाने, उर्मिला तारम, नंदिनी जोशी, तीजूराम कुमेटी, धर्मिता देहारी, संगीता सुधाकर, गिरिजा बाई भुआर्य व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## अछोली में बसंत पंचमी महोत्सव एवं धीरूदास दीवान जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई





**डौंडीलोहारा।** ग्राम अछोली में 23 जनवरी, दिन शुक्रवार को प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल, अमीन माता महिला मंडल एवं समस्त ग्रामवासी अछोली के सहयोग से बसंत पंचमी महोत्सव एवं स्व. धीरूदास दीवान जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान सदगुरु कबीर साहेब के विचारों एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया तथा बसंत पंचमी के महत्व को बताते हुए भक्ति, सत्संग एवं वंदगी का आयोजन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन कर आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। इस अवसर पर सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल अछोली के संरक्षक शांति लाल साहू, लिखन लाल साहू, कोषाध्यक्ष शिवकुमार साहू एवं सर्वराकार डॉ. रोशन लाल साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, महिला मंडल की सदस्याएं एवं युवा उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों द्वारा सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

- सदगुरु कबीर साहेब के विचारों पर हुई चर्चा
- बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित

### आनंद पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी श्रद्धा से मनाया गया



**डौंडीलोहारा।** आनंद पब्लिक स्कूल डौंडी लोहारा के विद्यालय प्रांगण में आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की देवी माता सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आराधना कर वंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के राखेचा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माता सरस्वती द्वारा प्रदान किया गया ज्ञान ही मानव जीवन को सही दिशा देता है। उन्होंने ज्ञान, अनुशासन और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य शायनी मैथ्यू एवं प्रधानाचार्य नोम साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में ज्ञान की आवश्यकता और शिक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण भक्तिमय एवं अनुशासित रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## ग्राम कन्हारपुरी में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



ग्राम कन्हारपुरी में 19 जनवरी से नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके कथा वाचक आचार्य पंडित विनोद तिवारी जी हैं। जिसका समापन 27 जनवरी को होगा।

भागवत कथा के पांचवें दिन वामन अवतार, गंगा अवतार, की कृष्ण अवतार, गोकुल में जन्मोत्सव की कथा बताई गई। कथा वाचक ने कहा कि कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है और जन्म–जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है। कथा का श्रवण भटके हुए मनुष्य को सही मार्ग दिखाता है। दुखों का अंत करता है और जीवन को सकारात्मक दिशा देता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता जब ही सिध्द होती है जब इसे हम अपने जीवन में व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन, कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है। श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कथा में छठवें दिन पूतना उद्धार, सकट भजन, बाललीला, चीरहरण, रासलीला, रुक्मणी विवाह की कथा बताई जाएगी।



### टेंगना बरपारा में गुहा जयंती कल

**गुरूर।** ग्रामीण निषाद समाज टेंगना बरपारा की गुहा जयंती 25 जनवरी को आयोजित की जाएगी। समाज के अध्यक्ष उमेन्द्र निषाद ने बताया कि मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रिरका गंजीर होगी। अध्यक्षता भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक चंदन सिन्हा करेगे। जनपद सदस्य तानसिह देहारी उपस्थित होगे। पूजा अर्चना पश्चात मूर्ति स्थापित की जाएगी। अतिथि उद्बोधन के बाद जय श्री मानस मंडली घोघोपुरी का कार्यक्रम होगा। रात्रि में जय छत्तीसगढ़ बाल मित्र रामधुनी मंडली भाठागांव की प्रस्तुति होगी।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 24 जनवरी से

**गुरूर।** स्पोर्ट्स क्लब ओझागहन के द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम ओझागहन में 24 एवं 25 जनवरी को किया गया है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये रखा गया है। जिसके उद्घाटन समारोह 24 जनवरी को मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू रहेंगी।

अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू होंगे। विशेष अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर हरिकृष्ण गंजीर, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर आशीश साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर झालेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत ओझागहन गंगा बालक राम साहू, आएएस तिवारी, प्रधान पाठक शासकीय माध्यमिक विद्यालय पलारी बोधन राम साहू, उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तहसील गुरूर रामजी कुंजाम, ग्राम पटेल ओझागहन जालंधर नेताम, उपसरपंच ग्राम पंचायत ओझागहन पीलू राम नेताम, पंच ग्राम पंचायत ओझागहन पूरण लाल साहू, रोहित कुमार साहू, थानू राम साहू, यादव समाज प्रमुख ओझागहन संतराम यादव उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह में 25 जनवरी को मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा रहेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामे"वर साहू, पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद केदार देवांगन, प्रभात ध्रुवे, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन लाल साहू, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोशण साहू, उमेश कुमार साहू, महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर धनुश कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष दुजेन्द्र कुमार साहू, सरपंच ग्राम पंचायत ओझागहन गंगा बालक राम साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सनौद मुकेश सार्वा, सह सचिव अरमरीकला सनौद मंडल प्रदीप साहू, पूर्व अध्यक्ष ब्लाक यूथ कांग्रेस गुरूर यानेश कलिहारी, बहुर राम धनकर, गौतम सिंह कुंजाम उपस्थत रहेंगे। समिति के अध्यक्ष मंजीत साहू, उपाध्यक्ष प्रेम कुमार साहू, कोशाध्यक्ष योगेश नेताम, सचिव डुमेन्द्र साहू, सह सचिव पोशन निशाद, डामन साहू, संरक्षक राम लाल साहू, जितेन्द्र साहू, वेनकुमार निशाद तथा ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

- विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार दिया जाएगा

## ग्राम मोखा में नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ

**गुरूर।** ग्राम मोखा में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं मातृशक्ति के सहयोग से किया जा रहा है जिसके भागवत आचार्य पंडित राजा पांडे जी हैं, परायण कर्ता डोमेन्द्र पांडे जी है।

कथा का समय 12 बजे से है। कथा में पांचवें दिन भागवत आचार्य द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग की कथा बताई गई। जिसमें भगवताचार्य द्वारा ने बताया कि श्रीकृष्ण लीलामृत के महारास में जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ, उन्होंने कहा कि जीव और परमात्मा तत्व ब्रह्म के मिलन को ही महारास कहते है। कथा व्यास ने कहा जब जीव में अभिमान आता है, तब भगवान से वह दूर हो जाता है। लेकिन, जब कोई भगवान के अनुराग के विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मिणी के साथ संपन्न हुआ, रुक्मिणी को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती। इस आयोजन मे समिति के संरक्षक शकुन गोस्वामी, जानकी मंडावी, विमला गंजीर, राधा सिंन्हा, अनसूईया सिंन्हा, संयोजक कांति गजेंद्र, अध्यक्ष भुवनेश्वरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष रीना सिंन्हा, सचिव कलेश्वरी ठाकुर, सह सचिव वंदना गजेंद्र, कोषाध्यक्ष मीणा नेवेंद्र, रेखा गजेंद्र, पद्मिनीसाहू, सहित ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर से व उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिंन्हा, सचिव काशी कलिहारी, कोषाध्यक्ष उदय ठाकुर, फागु नेवेंद्र सहित समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है।





## भरदा में निषाद समाज ने धूमधाम से मनाई निषाद जयंती



**गुरूर।** निषाद समाज भरदा के द्वारा निषाद जयंती मनाई गई। ग्रामीण महिलाओं के द्वारा कलश शोभायात्र निकाल कर बाजे गाजे के साथ गली भ्रमण किया गया जहां ग्रामीणो द्वारा जगह जगह पूजा अर्चना कर आरती की गई। निषाद समाज का ध्वजारोहण सरपंच कोमल साहू ने किया। गौठान के पास कला मंच मे बच्चों ने रिकार्डिंग डांस के माध्यम से कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति ललिता साहू ने कहा कि आज के दिन ही भगवान राम के अयोध्या में मूर्ति स्थापित की गई है। भगवान राम जब 14 वर्ष के वनवास गये तो निषाद राज जी नवका पार कराये है। हर समाज अपने पर्व को त्यौहार के रुप मे मनाते है। गांव के बेटी बेटा को शिक्षित करना है। अध्यक्षता सरपंच कोमल साहू ने कहा कि समाज में शिक्षा, संस्कार की अवश्यकता है। सभी समाज में आगे बढाने के लिए संस्कार जरुरी है। भगवान राम के आदर्श को जीवन मे उतारने का प्रयास करें।

ग्रामीण अध्यक्ष केजू राम साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष रोशन साहू, निषाद समाज के अध्यक्ष संतराम निषाद, वार्ड पंच गुलाबन बी अतिथि के रुप मे उपस्थित थे। रात्रि मे छत्तीसगढ़ी फूलकैना परिवार रमतरा का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर परदेशी राम निषाद, रामनारायण निषाद, गोपाल निषाद, भैय्या राम निषाद, लक्ष्मी निषाद, सुखी निषाद, रोहित निषाद, उकेश निषाद, उमेद निषाद, ईवकुमार, रामरतन निषाद, भेषकुमार, रेवती निषाद, बुधन्तीन निषाद, प्रभा निषाद, रोहणी निषाद, प्रमिला निषाद, रजवंतीन निषाद एवं निषाद समाज के लोग उपस्थित थे।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9109956720
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग–धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
हवाई मार्ग Ex-लखनऊ (09 दिन) 2,80000/-(+5% GST)
कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त, 08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्स्ट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411